तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 12 अक्टूबर 2026

11 सीतानदी उदंती के 128 गांवों के निवासियों ने कहा- हमें...



12 बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के ग्रामों में पहुंचे पीडब्ल्यूडी सचिव बंसल...



नवरात्रि विशेष



द्वितीयः ब्रह्मचारिणी

देवी भगवती का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी मां का है। दूसरे नवरात्रि को ब्रह्मचारिणी मां की पूजा होती है। ब्रह्मांड को जन्म देने के कारण ही देवी का दूसरा स्वरुप ब्रह्मचारिणी कहलाया। देवी की यहीं आद्या शक्ति है। यहां ब्रह्म शब्द का रुप तपस्या है। ब्रह्मचारिणी अर्थात तप की चारिणी। कथा है कि सृष्टि उत्पत्ति के समय ब्रह्माजी ने मानष पुत्रों को जन्म दिया पर वे कालातीत होते रहे। सृष्टि का विकास नहीं हो सका। अचंभित ब्रह्माजी ने सदाशिव से पूछा कि ऐसा क्यों। शिवजी ने कहा कि देवी शक्ति के बिना यह असंभव है। सब देवता देवी की शरण में गए। इस पर ब्रह्मचारिणी ने सृष्टि का विस्तार किया है। इसी के बाद नारी शक्ति को मां का स्थान मिला है। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है-

दधाना
करपद्माभ्यामक्षमालाकमंडलू।
देवि प्रसीदतु मयि
ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा।।

खबर संक्षेप

सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग का जन्मदिन मनाया जाएगा आज

छुईहा-बेलर। सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू का जन्मदिन 12 अक्टूबर को मनाया जाएगा। श्री साहू अस्पताल में मरीजों को फल वितरण करेगें। वही विभिन्न धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना करेंगे। उनके निज सहयोगी नानक साहू के अनुसार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 अक्टूबर को सुबह 11 बजे नगर



पंचायत फिंगेश्वर स्थित मां मौली माता मंदिर में रूपसिंग साहू अपने मित्र मंडल एवं समर्थक काफिला के साथ पूजा-अर्चना करेंगे। दोपहर 12 बजे छुरा विकासखंड के ग्राम रानीपरतेवा स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर में पूजापाठ कर ग्रामीण क्षेत्रवासियों से मुलाकात करेंगे। इसी क्रम में दोपहर 1:30 बजे ग्राम बम्हनी (खडमा) स्थित जय मां डोमेश्वरी खोल में आयोजित नवरात्र ज्योति कलश कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां वे उमेशानंद गिरि जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। वहीं, दोपहर 3 बजे छुरा विकासखंड के ग्राम केडीआमा (रमनपुर) में आयोजित धसकुड़ महोत्सव-2026 एवं वन देवी यज्ञ में शामिल होंगे। यहां समर्थक कार्यकर्ताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों के साथ मिलकर जन्मदिन मनाएंगे। सामाजिक कार्यकर्ता एवं भाजपा युवा नेता रूपसिंग साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं, मित्रमंडली एवं सहयोगियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

दुकान से नगदी समेत साढ़े 17 हजार की चोरी

महासमुंद। ग्राम नौगड़ी के एक दुकान से नगदी रकम समेत साढ़े 17 हजार की चोरी के मामले में बसना थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी कुंजबिहारी पटेल पिता द्रोण कुमार पटेल (27 साल) की ग्राम नौगड़ी में भैंसाखुरी रोड में कंप्यूटर व किराना दुकान है।

पर्व : देवी मंदिरों में विधिविधान से की गई पूजा- अर्चना, पंडालों में विराजी मां दुर्गा

नवरात्रि के पहले दिन उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

धर्मनगरी राजिम में शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस रविवार को आस्था, भक्ति और उल्लास का अदभुत संगम देखने को मिला। नगर के प्राचीन मां महामाया मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। इस वर्ष मंदिर में कुल 1267 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित हुए हैं। ज्योतियों की जगमगाती लौ के बीच पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो उठा। मां के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। नवरात्रि के आगमन के साथ ही मंदिर में भक्ति की ऐसी छटा बिखरी कि दिनभर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बना। नवरात्रि के प्रथम दिन निर्धारित शुभ मुहूर्त में

■ 1267 मनोकामना ज्योति कलशों से जगमगाया मां महामाया मंदिर



पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच ज्योति कलश प्रज्वलन की प्रक्रिया संपन्न हुई। पूजा-अर्चना में स्थानीय जनप्रतिनिधियों और श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। विधि-विधान से मां मां महामाया की आराधना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की गई। ज्योति प्रज्वलन के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मां के जयकारों और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच मंदिर परिसर का माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया।


नवरात्रि को लेकर मां महामाया मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। रंग-बिरंगी विद्युत झालरों और रोशनी से सजा मंदिर रात होते ही जगमगाने लगता है। मंदिर की आकर्षक लाइटिंग और प्रज्वलित ज्योति कलशों का दृश्य श्रद्धालुओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा है। रोशनी से नहाया मंदिर परिसर ऐसा ⏭शेष पेज 11 पर

अभिजीत मुहूर्त में माँ दुर्गा मंदिर में विधि-विधान से हुई पूजा-अर्चना




मैनपुर। शारदीय नवरात्र पर्व के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बन गया है। शक्ति की आराधना के पर्व पर माँ दुर्गा मंदिर, वन परिसर मैनपुर में श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजा–अर्चना की गई। मंदिर में अभिजीत मुहूर्त में विधि–विधान से पूजा संपन्न हुई। इस अवसर पर भक्तों द्वारा मनोकामना ज्योत कलश प्रज्वलित किए गए तथा जवारे बोकर माँ दुर्गा की आराधना की गई। माँ दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा कुल 124 मनोकामना ज्योत कलश प्रज्वलित किए गए हैं। ज्योत कलश प्रज्वलित कर भक्तों ने अपने परिवार की सुख–समृद्धि, खुशहाली, स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना करते हुए माँ दुर्गा से आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्र के दौरान ज्योत प्रज्वलित करने और जवारे बोने की परंपरा शक्ति की उपासना, श्रद्धा और आस्था का प्रतीक मानी जाती है। मंदिर में प्रज्वलित मनोकामना ज्योत से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। श्रद्धालु नवरात्र के नौ दिनों तक माँ दुर्गा की पूजा–अर्चना कर परिवार, समाज और क्षेत्र की सुख–शांति एवं समृद्धि की कामना करेंगे। प्रतिदिन माँ दुर्गा के दर्शन, पूजा–अर्चना और आरती के साथ मंदिर में भक्तिमय वातावरण बना रहेगा। नवरात्र का यह पर्व लोगों को धर्म, आस्था, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

विद्युत रोशनी और झालरों से जगमगाया महाकाली मंदिर



नवापारा-राजिम। शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर नगर का सुप्रसिद्ध मां महाकाली मंदिर में भक्ति, आस्था और श्रद्धा का अनुपम संगम देखने को मिल रहा है। मंदिर परिसर को आकर्षक विद्युत सज्जा और रंग-बिरंगी झालरों से भव्य रूप में सजाया गया है। शाम ढलते ही जगमगाती रोशनी से सजा मंदिर श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बन जाता है। मुख्य मार्ग पर स्थित मंदिर की मनमोहक सजावट से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। मंदिर में इस वर्ष 495 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। नवरात्र के प्रथम दिवस पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ ज्योति कलश प्रज्वलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू सहित समिति के पदाधिकारी चतुर जगत दिलीप साहू विकास चन्द्राकर खेम दास धृतलहरे मन्नू तारक मनोज यादव शेखर दीना साहू संतु साहू श्याम शंकर शामिल थे। मंत्रोच्चार, पूजा की पवित्रता और माता के जयकारों के बीच ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। दीपों की जगमगाहट और भक्तिमय वातावरण ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति से भर दिया। मंदिर में प्रतिदिन शाम को महाआरती का आयोजन होता है। आरती के समय बड़ी संख्या में देवी मां के भक्त और मातृशक्तियां मंदिर पहुंचकर मां महाकाली की आराधना करती हैं।श्रद्धालु माता के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलकामना के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष मेघनाथ साहू ने कहा कि मां महाकाली सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करें और उनके जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करें।

रमईपाठ धाम में शारदीय नवरात्रि पर 985 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित



मुड़ागांव (कोरासी)। छत्तीसगढ़ महतारी की पावन धरा को देवी-देवताओं की भूमि कहा जाता है। यहां अनेक धार्मिक स्थल जंगलों, पर्वतों और पहाड़ों के बीच स्थित हैं, जहां श्रद्धालुओं की अटूट आस्था जुड़ी हुई है। ऐसा ही एक प्रसिद्ध आस्था का केंद्र गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के अंतिम छोर पर ग्राम सोरिद खुर्द के समीप स्थित रमई पाठ धाम है। यहां गादी माई के सान्निध्य में आठवीं शताब्दी की प्राचीन प्रतिमाएं विराजमान हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र हैं। शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस पर रमई पाठ धाम में सुबह से शाम तक हजारों श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने गादी माई एवं प्राचीन प्रतिमाओं के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा परिवार की सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर धाम में कुल 985 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए गए। ज्योति कलश स्थापना के साथ ही पूरे धाम में भक्तिमय वातावरण बना रहा। धाम में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और दर्शन व्यवस्था की जिम्मेदारी जय मां रमई पाठ धाम सेवा समिति के सदस्यों ने संभाली।

खोपलीपाठ देवीधाम में 275 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित



मुड़ागांव (कोरासी)। गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मुड़ागांव के समीप वनांचल क्षेत्र में स्थित खोपलीपाठ देवी धाम धार्मिक आस्था और प्राकृतिक सौंदर्य का अनूठा संगम है। 11 अक्टूबर से यहां नवरात्र पर्व की शुरुआत हुई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की मनोकामना और आस्था के प्रतीक स्वरूप 275 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए। पिछले करीब 20 वर्षों से यहां नवरात्र पर्व पर ज्योति कलश स्थापना की परंपरा श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जा रही है। खोपलीपाठ देवी धाम की सबसे खास पहचान यहां मौजूद विशालकाय पत्थर की घंटी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस पत्थर की घंटी को बजाने पर इसकी आवाज करीब दो किलोमीटर दूर तक सुनाई देती है। अपनी अनूठी विशेषता के कारण यह घंटी श्रद्धालुओं और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। खोपलीपाठ देवी धाम में आसपास के अनेक गांवों से श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। अमलोर, भैरा, झाबलीबाहरा, नवापारा, मुड़ागांव, पाटसिवनी, जामली, परसदास खुर्द, पिपरहट्टा, देवगांव, बोड़राबांधा, खुड़ियाडीह, बिरनीबाहरा, बीजापाल, कुड़ेमा और नागिनबाहरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग यहां धार्मिक आस्था के साथ पहुंचते हैं। नवरात्र के दौरान देवी के दर्शन, पूजा-अर्चना और ज्योति कलश के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहता है।

मां दुर्गा के जयकारों से गूंजे पंडाल, शुभ मुहूर्त में प्रज्ज्वलित की गई ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

शक्ति की आराधना और भक्ति के महापर्व शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ रविवार, 11 अक्टूबर को पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ हुआ। नवरात्रि के पहले दिन से ही देवी मंदिरों और दुर्गा पंडालों में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। मां दुर्गा के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह रहा। भक्तों ने ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजे और जयकारों के बीच माता की प्रतिमाओं का स्वागत किया। सुबह से लेकर देर रात तक दुर्गा प्रतिमाओं को पंडालों तक लाने और विधि-विधान के साथ स्थापित करने का सिलसिला चलता रहा।

नवरात्रि के पहले दिन शुभ मुहूर्त में विभिन्न देवी पंडालों और मंदिरों में ज्योत प्रज्वलित की गई। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की कामना की। मंदिरों में माता के दर्शन के लिए भक्तों की आवाजाही शुरू हो गई, वहीं दुर्गा पंडालों में भी पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ नवरात्रि उत्सव की शुरुआत हुई। माता के जयकारों से पूरा वातावरण नवरात्रि शुरू होने से पहले ही दुर्गा उत्सव समितियों और श्रद्धालुओं ने माता के स्वागत की तैयारियां पूरी कर ली थीं। देवी पंडालों को



आकर्षक रूप देने के लिए रंग-बिरंगी रोशनी, झालरों, फूलों और सजावटी सामग्री का इस्तेमाल किया गया। कई स्थानों पर विशेष साज-सज्जा के साथ पंडाल तैयार किए गए हैं, जहां मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने के लिए भव्य मंच बनाए गए। आकर्षक विद्युत सजावट और सुंदर प्रवेश द्वारों ने पंडालों की सुंदरता में चार चांद लगा दिए। माता के आगमन को लेकर उत्साहित भक्तों ने पूरे उत्साह के साथ तैयारियों में भाग लिया। दुर्गा उत्सव समितियों के सदस्य पंडालों की व्यवस्था, सजावट और प्रतिमा स्थापना की तैयारियों में जुटे रहे। नवरात्रि के पहले दिन प्रतिमाओं के आगमन के साथ ही पंडालों की रौनक बढ़ गई। देर रात तक प्रतिमा स्थापना का क्रम जारी रहा और पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।शारदीय नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना के साथ इस पावन पर्व की शुरुआत हुई। नवरात्रि के दौरान श्रद्धालु उपवास रखकर माता की भक्ति में लीन रहेंगे। मंदिरों में नियमित पूजा-अर्चना, आरती और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। वहीं, विभिन्न दुर्गा पंडालों में भी प्रतिदिन माता की आरती और पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ने की उम्मीद है।

6 लाख के गांजा के साथ ओडिशा का युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

■ मैनपुर पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 12 किलो से अधिक का मादक पदार्थ बरामद

मैनपुर पुलिस ने 6 लाख के गांजा के साथ ओडिशा के एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक से 12 किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है। ऑपरेशन निश्चय अभियान के तहत



पुलिस अधीक्षक गरियाबंद वेदवद सिरमौर के द्वारा समस्त थाना प्रभारी को अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध गांव के परिवहन एवं बिक्री में रोक लगाने एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। 10 अक्टूबर को सूचना मिली की ग्राम झरियाबाहरा तिराह मुख्य मार्ग एनएच 130 सी के पास एक व्यक्ति मादक पदार्थ गांजा रखकर बेचने के लिये ग्राहक का इतजार कर रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी ⏭शेष पेज 11 पर

कर्मचारियों से मारपीट

महासमुंद। बलौदा के शांति नगर में बिजली सुधार करने पहुंचे कर्मचारियों से मारपीट किए जाने के मामले में बलौदा थाने में आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। मामले को लेकर थाना बलौदा में दिए गए आवेदन में कनिष्ठ यंत्री मनोज कुमार ने पुलिस को बताया कि शांति नगर बलौदा में निम्न दाब लाइन की शिकायत मिलने पर 09 अक्टूबर की रात्रि लगभग 08.30 बजे ठेकाकर्मी विभीषण डडसेना, खीरसागर सिदार एवं अंबिकेश कैवर्त (संविदा कर्मी) टासफार्मर के पास सर्किट मरम्मत कार्य कर रहे थे।

मीटर रीडर संघ ने बिंद्रानवागढ़ विधायक ध्रुव को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ में स्मार्ट मीटर रिचार्ज प्रणाली लागू होने की आहट के साथ ही वर्षों से सेवा दे रहे विद्युत मीटर रीडरों के भविष्य और रोजगार पर संकट के बादल मंडराने लगा हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर विद्युत मीटर रीडर श्रमिक संघ छत्तीसगढ़ गरियाबंद जिला ने शनिवार को बिंद्रानावागढ़ क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव को एक मांग पत्र ज्ञापन सौंपा है। संघ ने विधायक से आग्रह किया है कि मीटर रीडरों के रोजगार एवं भविष्य की सुरक्षा का मुद्दा आगामी विधानसभा सत्र में प्रमुखता से उठाया जाए।

■ सदस्यों का कहना- स्मार्ट मीटर प्रणाली से रोज़गार पर संकट

संघ ने मांग की है कि स्मार्ट मीटर लागू होने से हज़ारों मीटर रीडरों के समक्ष उत्पन्न हो रहे रोज़गार के संकट पर शासन से विधानसभा में स्पष्ट और ठोस जवाब मांगा जाए। वर्षों से निष्ठापूर्वक सेवा दे रहे मीटर रीडरों के अनुभव और कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुए, स्मार्ट मीटर लागू होने से पहले उन्हें विद्युत विभाग के अन्य उपयुक्त कार्यों में समायोजित कर रोज़गार सुरक्षा प्रदान की जाए। ज्ञापन में मुंगेली जिले के एक दिवंगत मीटर रीडर का विशेष उल्लेख किया गया, जिनका हाल ही में स्मार्ट मीटर प्रणाली की जानकारी के बीच अचानक हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया था। संघ ने मांग की है कि उनके परिवार की आजीविका ⏭शेष पेज 11 पर

भेण्ड्री जामगांव में कार्यक्रम का आयोजन

विधायक रोहित ने किया शीतला मंदिर भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर





शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर ग्राम भेण्ड्री जामगांव में शीतला मंदिर भवन का भव्य लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू रहे। कार्यक्रम का आयोजन गिरिराज भगत परेवाडीही वाले के विशेष सानिध्य एवं आशीर्वाद से सम्पन्न हुआ।

लोकार्पण समारोह की शुरुआत विधि–विधान से पूजा–अर्चना और शीतला माता की आरती के साथ हुई। ग्राम पंचायत भेण्ड्री जामगांव की सरपंच श्रीमती सविता चुम्मन सिन्हा,उपसरपंचरमेश सिन्हा,पंचगण एवं समस्त ग्रामीणों द्वारा मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक रीति–रिवाज, पुष्पमाला एवं तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। जिसमें प्रमुख रूप से कोमल ढीढी जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि,सतीश यादव उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत फिंगेश्वर,जगदीश यदु मंत्री भाजपा जिला गरियाबंद,श्रीमती मंजूलता हरित अध्यक्ष,भाजपा मंडल फिंगेश्वर,हरीश साहू अध्यक्ष,सरपंच संघ जिला गरियाबंद,राजू साहू अध्यक्ष,फनीकेश्वरनाथ महाविद्यालय फिंगेश्वर,श्रीमती चंपेश्वरी चोवा घुरव जनपद सदस्य फिंगेश्वर,सियाराम घुर्रव जिला अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा,भुवनलाल साहू एवं प्रेमलाल टोडर महामंत्री,मंडल फिंगेश्वर,जगतराम साहू बूथ अध्यक्ष सरगोड,भेखलाल साहू गाँव प्रमुख,रोहन साहू ⏭शेष पेज 11 पर



जीवेत शरदः शतम्

छत्तीसगढ़ प्रदेश के गरीब अऊ
आम जनता के हितैषी ऊर्जावान

भैया रूपसिंग साहू जी

को जन्मदिन की

हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

12 अक्टूबर



रूपसिंग साहू



टिकेश साहू | ओम प्रकाश साहू | रामाधार साहू | मोती निषाद | गंगादीन साहू | नानक साहू | मदन साहू | गजेन्द्र निषाद



भारत साहू | जीवन साहू | बिसहत साहू | देवनारायण साहू | भानुप्रताप साहू | रेखुराम साहू | रूपेश साहू | भागीरथी सिन्हा



क्षेत्र के युवा, उर्जावान, समाजिक कार्यकर्ता

मान. रूपसिंग साहू जी

की जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

12 अक्टूबर



रूपसिंग साहू
सामाजिक कार्यकर्ता, जिला-गरियाबंद



हेमलाल नेताम
सरपंच-ग्राम पंचायत रानीपरतेवा



पंकज निर्मलकर, जनपद सदस्य छुरा | श्रीमती अमृत बाई दीवान, उपसरपंच | साधुराम निषाद, ग्राम पटेल | सोमन यदु, अध्यक्ष, ग्रा.वि.स. एवं पंच | मनहरण साहू, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज एवं पंच | नरेश साहू, पंच | महेश दीवान, पंच | जेठुराम निषाद, पंच | दीपक ध्रुव, पंच | देवशरण दीवान, पंच | सावित्री अड़वंशी, पंच | श्यामकुमारी दीवान, पंच



मुक्ति मरकाम, पंच | उषा बाई साहू, पंच | मतेश्वरी ध्रुव, पंच | पार्वती सिन्हा, पंच | अनुसुईया मरकाम, पंच | चमेली मरकाम, पंच | निर्मला बाई मरकाम, पंच | पदमनी गोस्वामी, पंच | लीला साहू, पंच | तीज कुमारी साहू, चपरासी | सोमन गिरी गोस्वामी | गोवर्धन निषाद | हस्ताक्षर ध्रुव, नल चालक

विनीत : ग्राम पंचायत रानीपरतेवा, वि.ख.- छुरा, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

खबर संक्षेप

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने बनाई आगामी योजना

महासमुंद। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन महासमुंद द्वारा आगामी योजना की तैयारी एवं प्रांतीय पर्यवेक्षकों के आगमन जिला इकाई के गठन पर जिला संयोजक टेकराम सेन एवं सह संयोजक रेखराज शर्मा के नेतृत्व में आवश्यक बैठक आहूत की गई। जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि आगामी 17 अक्टूबर को जिला इकाई के गठन के लिए प्रांत कर्मचारी फेडरेशन की ओर से चंद्रशेखर तिवारी, संजय सिंह, डॉ. लक्ष्मण भारती, आलोक मिश्रा, प्रशांत दुबे, आरके रिछारिया, जय कुमार साहू, हरिमोहन सिंह, राजनारायण द्विवेदी, परशुराम, धनेंद्र का आगमन महासमुंद होने जा रहा है।इस अवसर पर सभी संगठनों के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित होकर अपना विचार रखेंगे एवं आगामी आंदोलन की रुपरेखा भी तैयार की जाएगी। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन बैठक में फेडरेशन के लिए शासन स्तर पर जमीन आबंटन, जिला पदाधिकारियों के नाम पर कुछ संशोधन पर चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रमुख रुप से उमेश भारती गोस्वामी, शिव कुमार साहू, चमन चंद्राकर, नंद किशोर सिन्हा, दिलीप तिवारी, सिराज बक्श, संदीप तिवारी, मुकेश साहू, ईश्वर चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

सीतानदी उदंती के 128 गांवों के निवासियों ने कहा- हमें विस्थापन नहीं अब विकास चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जल जंगल जमीन बचाओ संघर्ष समिति उदंती सीतानदी क्षेत्र की विशाल महा बैठक राजापड़ाव क्षेत्र के ग्राम मोंगराडीह में आयोजित की गई। बैठक में 128 गांव पारा–टोला के हजारों ग्रामीणों का जनसैलाब देखने को मिला। बैठक का शुभारंभ सर्वप्रथम मुखियाओं द्वारा बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं माटी महतारी की पूजा–अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष सिरधन सोम के आदेशानुसार महासचिव रेवा देवदास द्वारा बैठक के मूलभूत एजेंडा को पढ़कर सुनाया गया।

बैठक में संगठन का विस्तार गांव–गांव तक करने की रणनीति बनाई गई। बुनियादी मूलभूत सुविधा क्षेत्रवासियों को मिले इस दिशा में समीक्षा व सुझाव। नाइट कर्फ्यू पर रोक, विस्थापन पर रोक, वन ग्राम के किसानों को भूमि स्वामी हक। जिला धमतरी और गरियाबंद की संयुक्त विशाल महा ग्राम सभा में सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद सहित सभी जनप्रतिनिधियों को एक मंच पर आमंत्रित कर जन संवाद। एजेंडा के बाद सभी मुखियाओं ने अपने–अपने पक्ष रखते हुए समाधान की दिशा में प्रस्ताव पारित किया। महिलाओं ने भी मजबूती के साथ क्षेत्र में बीत रही ज्वलंत समस्याओं पर सबका ध्यान आकृष्ट कराया। अध्यक्ष सिरधन



जल जंगल जमीन बचाओ संघर्ष समिति की बैठक

सोम ने कहा हमारा इलाका पांचवीं अनुसूची क्षेत्र होने के कारण जल–जंगल–जमीन पर अधिकार सर्वप्रथम मूल निवासियों का है। लेकिन हमारे हक–अधिकारों से वंचित किया जाना अब हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमारी लड़ाई संवैधानिक तरीके से निरंतर जारी रहेगी। हमारे संगठन का विस्तार गांव तक हो, इसके लिए हमें रणनीति के तहत काम करना होगा।

जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा 128 गांव पारा–टोला के ऊपर विस्थापन का खतरा मंडरा रहा है। हमें विस्थापन नहीं, क्षेत्र का विकास चाहिए। बशर्ते समिति को जातिवादी, पार्टीवादी, क्षेत्रवादी से बचकर रहना होगा। 128 पारा–टोला गांव की एकजुटता ही समिति की ताकत है। संरक्षक दैनिक राम मंडावी ने कहा हर गांव में एक युवा, एक बुजुर्ग मुखिया एवं एक पढ़ी–लिखी महिला को संगठन से जोड़ने पर विशेष बल दिया जाए। यही संगठन की असली ताकत बनेगी। सभा को अर्जुन नायक, धनश्याम मरकाम, नरेश मांझी, टीकम नागवंशी, दीनाचंद मरकाम, गोपाल सोरी सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

अगली महाबैठक होगी 17 को– बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 17 अक्टूबर को राजापड़ाव क्षेत्र के ग्राम कोकड़ी में कांकेर और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद,सिहावा और बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला–जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर 128 गांवों की मांगों को विधानसभा–लोकसभा तक पहुंचाने के लिए विशाल महा ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 12 अक्टूबर दिन सोमवार को दोनों क्षेत्रें के जिम्मेदार समिति मुखियाओं द्वारा निवास पहुँच कर भेंट–मुलाकात की जाएगी। क्षेत्र में तैयारियां जोर–शोर से शुरू हो गई हैं।

इनकी रही मौजूदगी– बैठक में समिति के अध्यक्ष सिरधन सोम, जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम, टीकम नागवंशी, रेवा देवदास, दैनिक राम मंडावी, धनश्याम मरकाम, नरेश मांझी, —ष्ण कुमार नेताम, धनेश मरकाम, अर्जुन नायक, फूलचंद मरकाम, दीनाचंद मरकाम, टीकम मरकाम, पतंग मरकाम, करण नाग, संतोष मरकाम, रोहन नेताम, अशोक मरकाम, अजय नेताम, नकुल नागेश, पुरुषोत्तम परदे, रविंद्र मरकाम, लोकेश कुमार, रमेश मरकाम, श्यामलाल नेताम, महेश सूर्यवंशी, मोतीराम नेताम, दुर्गेश नेताम, नगीना बाई, सिया बाई, गायत्री बाई, सोमबाई, वेद बाई, ललिता बाई सहित 118 गांव पारा–टोला से हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

शीतला मंदिर में जली आस्था की ज्योत, पंडालों में विराजीं मां दुर्गा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

शारदीय नवरात्र के पावन पर्व का रविवार से भक्तिमय माहौल से शुभारंभ हो गया है। इस समय पूरे अंचल में उत्सव का माहौल है। एक तरफ जहां देवी मंदिरों में भक्तों द्वारा मनोकामना और आस्था के अखंड ज्योति प्रज्वलित किए हैं, वहीं दूसरी तरफ भव्य पूजा पंडालों में मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित कर उनकी विशेष पूजा अर्चना की जा रही है। ग्राम के शीतला मंदिर में महाराज गोलू शर्मा द्वारा शुभ मुहूर्त पर मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर ज्योति क्लश स्थापना के साथ ही नवरात्र का आगाज हुआ। भक्ति भरे माहौल में घंटे घड़ियाल गूंजने लगे हैं। शीतला मंदिर रसेला के क्लश गृह मे 125 मनोकामनाएं ज्योति जगमगाने लगे हैं। अंचल के सभी देवी मंदिरों में ज्योति क्लश के रूप में आस्था के दीप जगमगाने लगे हैं। रानी मां केरापानी,गरजाई, जटिआई, अंजनी आश्रम कुडेरादादर, सहित सभी दुर्गा पांडालों में आराधना प्रारंभ हो गई है। नवरात्रि में दुर्गा माता के नौ रूपों में पूजा होती है। माता के पहले दिन शैल पुत्री के नाम से जानी जाती है। शीतला मंदिर नवरात्र के प्रत्येक दिन श्रद्धालु मा के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए पहुंचते हैं। सुबह शाम पूजा से लेकर आरती तक मंदिर में भक्तिमय माहौल बना रहता है। श्रद्धालु मां के दरबार में परिवार की सुख समृद्धि, खुशहाली और मंगलकामना के लिए माथा टेकते हैं। पुजा की तैयारियों से लेकर आयोजन की व्यवस्था तक समस्त ग्रामवासीयों की भागीदारी रहती है।

पेज 9 के शेष...

नवरात्रि के पहले...

प्रतीत होता है, मानो भक्ति और आस्था के दीप एक साथ प्रज्वलित हो उठे हों। श्रद्धालु मां के दर्शन के साथ मंदिर की साज-सज्जा को निहारते नजर आए। नवरात्रि के पहले ही दिन मंदिर में उमड़ी भीड़ ने पर्व के प्रति लोगों की गहरी आस्था और उत्साह को प्रदर्शित किया। शारदीय नवरात्रि के साथ ही राजिम में धार्मिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। मां महामाया मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वलन के बाद आगामी नौ दिनों तक पूजा-अर्चना, दर्शन और देवी आराधना का क्रम जारी रहेगा। श्रद्धालु मनोकामना ज्योति के समक्ष शीश नवाकर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और मंगलमय जीवन की प्रार्थना कर रहे हैं। मान्यता है कि नवरात्रि में सच्चे मन से मां की आराधना करने से भक्तों को आध्यात्मिक शक्ति और आत्मिक शांति प्राप्त होती है। प्राचीन मां महामाया मंदिर में प्रज्वलित 1267 मनोकामना ज्योति कलश इस बार नवरात्रि की आस्था का प्रमुख केंद्र बने हुए हैं। मंत्रोच्चार, पूजा-अर्चना, भक्तों की उपस्थिति और आकर्षक विद्युत सज्जा ने मंदिर की रौनक बढ़ा दी है। नवरात्रि के पहले दिन से ही राजिम का यह प्राचीन देवी धाम श्रद्धा और भक्ति के रंग में रंग गया है। पूजा में पुजारी बलदाऊ सिंह ठाकुर, नीरज ठाकुर, पं विजय शर्मा,ग्राम बैगा हेमलाल धीवर, भानु धीवर, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेन्द्र सोनकर, मुरली थवानी, लिलेश्वर यादव, पार्षद टंकू सोनकर, बाल्मीकी धीवर ,पवन सोनी,रमेश साहू, जितेंद्र सोनी, भुखन पटेल, संजय सोनी, उत्सव महोबिया, लखन निर्मलकर,भारत सेन,राजू निषाद ,रामकुमार साहू,फागु निषाद,लखन निर्मलकर, संजय सिंह ठाकुर,गोपाल निषाद ,गौरव ठाकुर, शत्रुहन निर्मलकर,विमल निषाद, विक्की साहू, सुनील देवांगन, रामप्रताप साहू, वासुदेव निषाद, सुनील गुप्ता,अनिल गुप्ता, राजू साहू, अनिल गुप्ता, नारायण धीवर,भागवत साहू ,भवानीशंकर साहू, भागवत सहित बड़ी संख्या में देवी मां के भक्त मौजूद थे।

6 लाख के गांजा...

मैनपुर के द्वारा तत्काल पुलिस टीम गठित कर ग्राम झरियाबाहरा तिराहा मुख्य मार्ग एनएच 130 सी के पास जाकर घेरा नाकाबंदी लगाकर मुखबिर के बताये अनुसार एक व्यक्ति से पूछताछ की। नाम पता पूछने पर युवक ने अपना नाम सुरेश कोक पिता स्व गंडाराम कोक उम्र 37 वर्ष साकिन बागडोर थाना बेलपाडा जिला बलांगीर ओडिशा बताया। उसके कब्जे से एक काला पिंक नीला चौखना बैग जिसमे अंग्रेजी मे पुमा लिखा था के अंदर 5 पैकेट हरा झिल्ली खाखी कलर के टेप से चिपका हुआ वजन 12.60 किलो ग्राम कीमती 6 लाख, मोबाइल फोन मोटोरोला कम्पनी कीमत 10 हजार रुपए कुल जुमला कीमती 61 हजार रुपए मिला । आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

विधायक रोहित ने...

अध्यक्ष,जामगांव परिक्षेत्र साहू समाज। इसके साथ ही विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचगण युधिष्ठिर साहू(रजकट्ठी), अरुण ध्रुरव (लचकेरा),हुमनराजकुमार सिन्हां (बोरिद),श्रीमती योगेश्वरी दिनेश शुक्ला (खैरझिटी) एवं श्रीमती जीतू ज्योति रवि बघेल (गुण्डरदेही) सहित अनेक जनप्रतिनिधि और ग्रामीण जन उपस्थित रहे। इसके अलावा विधायक रोहित साहू समीपस्थ ग्राम तरजुंगा में भी शारदीय नवरात्र कार्यक्रम में शामिल हुए और सभी के सुख समृद्धि की कामना की।जहां ग्रामीणों ने उनका धूमधाम से स्वागत किया। इस अवसर पर ग्राम भेंड्री एवं तरजुंगा में प्रमुख रूप से डॉ गंगाराम साहू ,हीरु डहरे ,यशवन्त साहू ,दशरथ सिन्हा, मिंजुन साहू,नरोत्तम सिन्हा कलिकुमार साहू,जगत साहू,घनश्याम अडावंशी,ढाऊ लाल सिन्हा,हेमू सिन्हा,उमराव सिन्हा,भेखलाल साहू, विनीत उपाध्याय,दोहन साहू,धान बाई साहू,प्रतिभा ध्रुरव,कल्याणी साहू,योगेश्वरी साहू,पार्वती बांधे,मनीषा ध्रुरव, दशोदा साहू,लछवंतिन यादव,गंगू साहू,ठाकुर राम यादव,चूम्मन यादव,भूरू राम ध्रुरव,पिला राम निषाद, जोहन राम बांधे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मीटर रीडर संघ...

को ध्यान में रखते हुए उनकी पत्नी को विद्युत विभाग में अनुकंपा/मानवीय आधार पर रोजगार प्रदान करने की आवश्यक पहल की जाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के जिला अध्यक्ष टकेश्वर सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष टेक राम मांझी, सचिव कोमल साहू, कोषाध्यक्ष जसवंत साहू, दिनेश जगत, रोशन पटेल, अजय सोम, तेजकुमार पटेल, पुरन नेगी, भुनेश्वर ध्रुव, कोमेश सोनवानी एवं संघ के सदस्य बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।





प्रस्तुति : उत्कर्ष शर्मा, रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला - गरियाबंद, मो. 9752106022

खबर संक्षेप

माशा खुड़ियाडीह में साप्ताहिक योगाभ्यास 10 वर्षों से जारी



छुरा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुड़ियाडीह में में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ साथ खेलकूद सांस्कृतिक गतिविधियां किचन गार्डन पौधारोपण इत्यादि योजनाओं को क्रियान्वित कराने का सुखद लाभ इस विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को मिलता है। सत्र 2026-27 में एनएमएमएसई में 3 बच्चे का चयन, राज्य स्तरीयशालेय खिलाड़ी चयन प्रतियोगिता में हर वर्ष दो-तीन बच्चों का चयन, विनोबा टीम द्वारा आयोजित नन्हे सितारे कार्यक्रम में जिला स्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन, किचन गार्डन सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि कार्यक्रमों में विद्यालय के बच्चों का महत्वपूर्ण प्रदर्शन रहा है। इस विद्यालय में पदस्थ प्रधान पाठक एवं योग शिक्षक मनहरण लाल पटेल ने बताया कि विगत 10 वर्षों से प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला खुड़ियाडीह के बच्चों को प्रत्येक शनिवार को साप्ताहिक योगाभ्यास का क्रम अनवरत जारी है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। शरीर मन एवं दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए योग सर्वश्रेष्ठ साधन है। शनिवार को बेगलेस दिवस पर सूक्ष्म व्यायाम यौगिन - जॉगिंग सूर्य नमस्कार ताड़ासन ध्रुवासन एवं योग के विविध आसनों को सीखने के साथ-साथ प्राणायाम को करने की विधि एवं उनके लाभो को सिखाया जाता है। योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए बच्चों को प्रेरित किया जाता है।

सेवा संकल्प अभियान से मिल रहा योजनाओं का सीधा लाभ : राठौर

मैनपुर। वरिष्ठ भाजपा नेता तुलसी राठौर ने विज्ञप्ति में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ चलाया जा रहा सेवा संकल्प अभियान आम जनता के लिए वरदान साबित हो रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य



शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक आसान और सुलभ रूप से पहुंचाना है। ताकि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे। श्री राठौर ने कहा कि अभियान के तहत जिले के सभी मंडलों, ग्राम पंचायत क्षेत्रों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, पेंशन योजना, आधार अपडेट, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वाइल हेल्थ कार्ड और विकसित भारत संकल्प से जुड़ी अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभएक ही स्थान पर दिया जा रहा है लोगों को अब योजनाओं के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं अधिकारी और जनप्रतिनिधि स्वयं शिविरों में पहुंचकर समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल शिविर नहीं बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास का सेतु है। शिविरों में किसानों को खाद–बीज, फसल बीमा और कृषि योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। युवाओं को रोजगार और कौशल विकास योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।

अयोध्या नगर में 16 को कवि सम्मेलन, नामचीन कवि बिखेरेंगे काव्य रस

महासमुंद। नगर के वार्ड क्रमांक 03 अयोध्या नगर में मां महामाया दुर्गा पूजा उत्सव समिति द्वारा गुरुवार, 16 अक्टूबर को भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। शाम 7 बजे से आयोजित इस साहित्यिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य और संस्कृति के साथ हास्य, व्यंग्य, गीत एवं शृंगार की मनमोहक प्रस्तुतियां देखने और सुनने को मिलेंगी।
कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ और देश के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े जाने-माने कवि एवं कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे।

निरीक्षण : बरसात के बाद निर्माण कार्यों को मिली रफ्तार, गुणवत्ता और समय-सीमा पर जोर

बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के ग्रामों में पहुंचे पीडब्ल्यूडी सचिव बंसल ने निर्माणाधीन सड़कों, पुलों और भवनों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

बरसात के बाद सड़कों, पुल–पुलियों और भवनों के निर्माण को रफ्तार देने की पूरी तैयारी है। लोक निर्माण विभाग ने निर्माण कार्यों की गति बढ़ाने के साथ गुणवत्ता और समय–सीमा पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। काम की प्रगति अब केवल दफ्तरों की रिपोर्ट तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि वरिष्ठ अधिकारी खुद मैदान में उतरकर निर्माण की वास्तविक स्थिति परखेंगे। कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के साथ औचक निरीक्षण से भी गुणवत्ता और प्रगति पर नजर रखी जाएगी। इसी कड़ी में लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने गरियाबंद जिले का दौरा कर सड़कों, पुलों और भवनों के निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। अधिकारियों और ठेकेदारों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्माण में आ रही बाधाओं की जानकारी ली और कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। सचिव श्री बंसल ने गरियाबंद जिले के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर निर्माणाधीन परियोजनाओं की जमीनी स्थिति देखी। उन्होंने फिंगेश्वर विकासखंड में कोपरा–पोखरा मार्ग के 26.20 किलोमीटर लंबे मजबूतीकरण एवं चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस परियोजना में पुल–पुलियों के निर्माण कार्य भी शामिल हैं। उन्होंने राजिम में नवीन मेला स्थल चौबेबांधा से लक्ष्मण झूला तक 3.50 किलोमीटर लंबे फोरलेन मार्ग के निर्माण की प्रगति भी देखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों से कार्यों की स्थिति की जानकारी ली और निर्माण में गुणवत्ता तथा समयबद्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। सड़क परियोजनाओं के साथ सचिव श्री बंसल ने गरियाबंद में निर्माणाधीन शासकीय भवनों का भी जायजा लिया। उन्होंने व्यवहार न्यायालय में न्यायिक अधिकारियों के लिए बनाए जा रहे दो डी–टाइप आवासगृहों, जिला परिवहन कार्यालय भवन तथा 40 जीएडी आवासगृहों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय–सीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- निर्माण कार्यों की होगी कड़ी मॉनिटरिंग, फील्ड पर प्रगति जांचने होंगे औचक निरीक्षण

अधिकारियों और ठेकेदारों को समय-सीमा में काम पूरा करने के दिए निर्देश





संभागीय कार्यालय को भी देखा

सचिव श्री बंसल ने लोक निर्माण विभाग के संभागीय कार्यालय और कार्यालय परिसर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में स्वच्छता और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने तथा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता व्ही. के. भतपहरी, मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, अनुविभागीय अधिकारी एवं उप अभियंतागण उपस्थित थे।

अधिकारियों व ठेकेदारों की ली बैठक– मैदानी निरीक्षण के बाद सचिव श्री बंसल ने गरियाबंद सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों की बैठक ली। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए काम में आ रही समस्याओं और बाधाओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों को गति देने के साथ गुणवत्ता और समय–सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। बरसात के बाद निर्माण कार्यों में तेजी लाने विभागीय अमले को सक्रियता से काम करना होगा। कार्यों की सतत निगरानी और वरिष्ठ अधिकारियों के मैदानी निरीक्षण से निर्माण की वास्तविक प्रगति पर नजर रखी जाएगी।

ग्रामीण विकास के मुद्दों पर किया मंथन 15 दिनों में फाइलों के निपटारे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

सरपंच संघ की बैठक में ग्राम पंचायतों में लंबित निर्माण कार्यों, तकनीकी कर्मचारियों की कमी, जी-राम-जी योजना के क्रियान्वयन और पंचायतों में विकास कार्यों के समान वितरण जैसे गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया गया कि समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु सरपंच संघ का प्रतिनिधिमंडल जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से मुलाकात कर मांगों को प्रमुखता से रखेगा।

बैठक में कार्यकारिणी सदस्यों ने फाइलों के निराकरण में हो रही देरी पर चिंता जताई। सदस्यों ने कहा कि फाइलों के लंबे समय तक पेंडिंग रहने से विकास कार्य ठप्प हो रहे हैं। संघ ने मांग की कि फाइलों के परीक्षण, निराकरण और अग्रेषण के लिए अधिकतम 15 दिनों की समय-सीमा तय की जाए, ताकि सरपंचों को कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। जी-राम-जी योजना और इंजीनियरों की कमी का मुद्दा प्रमुख रहा।



जी-राम-जी योजना के तहत प्रस्तावित कार्यों की स्वीकृति में देरी पर चर्चा करते हुए संघ ने मांग की कि निर्माण प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा किया जाए, जिससे ग्रामीण जनता को मूलभूत सुविधाओं का लाभ समय पर मिल सके।

जनपद पंचायत फिंगेश्वर में इंजीनियर बढ़ाए जाएं: फिंगेश्वर जनपद में पर्याप्त तकनीकी अमला (इंजीनियर) न होने के कारण मूल्यांकन और तकनीकी स्वीकृति में काफी विलंब हो रहा है। संघ ने आवश्यकतानुसार नए इंजीनियरों की पदस्थापना की मांग की है।

सभी पंचायतों को मिले विकास का समान अवसर- बैठक में निर्माण कार्यों के न्यायसंगत वितरण की मांग उठाई गई। संघ का कहना है कि किसी पंचायत में अधिक कार्य होना और किसी में लंबे समय तक कार्य स्वीकृत न होना ग्रामीण विकास के संतुलन को बिगाड़ता है। अतः जनसंख्या और स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर सभी पंचायतों को समान अवसर दिए जाने चाहिए। बैठक में जेम पोर्टल से सामग्री खरीदी की बाध्यता समाप्त होने के विषय पर जानकारी साझा की गई। संघ ने जोर दिया कि खरीदी प्रक्रिया व्यावहारिक और पारदर्शी हो तथा शासन के नियमों की स्पष्ट जानकारी पंचायतों को मिले।

पंचायतों के अधिकारों और विकास के लिए संघ रहेगा एकजुट: हरीश- सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य पंचायतों के अधिकारों की रक्षा करना और ग्रामीण विकास को गति देना है। फाइलों का समय पर निपटारा और विकास कार्यों का समान वितरण सरपंचों का अधिकार है। समस्याओं के समाधान के लिए संघ प्रशासन के समक्ष अपनी बात मजबूती से रखेगा।

- सरपंच संघ की बैठक में पारित हुए महत्वपूर्ण प्रस्ताव

सुबह की ओस और सर्द हवाओं से बदलने लगा मौसम का मिजाज





हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

गुलाबी ठंड ने दी दस्तक

जिले में गुलाबी ठंड ने दस्तक देनी शुरू कर दी है। सुबह के समय ओस की बूंदें दिखाई देने लगी हैं, वहीं मौसम में हल्की ठंडक घुलने से लोगों को बदलते मौसम का एहसास होने लगा है। सुबह-सुबह मॉर्निंग वॉक करने वालों की संख्या में भी इजाफा देखने को मिल रहा है। लोग ठंडी और ताजी हवा के बीच सैर कर सेहत संवारने के लिए घरों से निकलने लगे हैं। मौसम के मौजूदा मिजाज को देखते हुए आने वाले दिनों में ठंड बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। गुलाबी ठंड की आहट के साथ ही जिले में सुबह और शाम का वातावरण सुहाना होने लगा है। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण गरियाबंद जिला घने जंगलों, पहाड़ों, झरनों और कल-कल बहती पैरी नदी के लिए जाना जाता है। जिले की प्राकृतिक छटा और शांत वातावरण पर्यटकों को आकर्षित करने की क्षमता रखते हैं। सुबह के समय प्रकृति के बीच बिखरी ओस की बूंदें और ठंडी हवाएं यहां के सौंदर्य को और भी मनोरम बना देती हैं।

सुहाने दिनों की होने वाली है शुरूआत- हालांकि, प्राकृतिक पर्यटन की अपार संभावनाओं के बावजूद जिले के अनेक आकर्षक स्थल अभी व्यापक पर्यटन मानचित्र पर अपनी पहचान बनाने की राह देख रहे हैं। प्राकृतिक संपदा, वन्य परिवेश और मनमोहक दृश्यों के कारण गरियाबंद की अलग पहचान है। बदलते मौसम के साथ जिले की वादियों में भी सुहाने दिनों की शुरुआत होने लगी है।

वोट चोरी का आरोप चुनाव आयोग पर, भाजपा कर रही बचाव: ध्रुव

मैनपुर। ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि मोदी सरकार की मनमानी देश को भीषण संकट में डाल रही है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए कांग्रेस द्वारा उठाई जा रही आवाज को दबाने की कार्रवाई मोदी सरकार कर रही है। श्री ध्रुव ने विज्ञप्ति में कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। वोट चोरी और एसआईआर के मुद्दे पर जब इंडिया गठबंधन के करीब 150 सांसद संसद भवन से चुनाव आयोग मुख्यालय तक शांतिपूर्ण मार्च निकाल रहे थे तो उन्हें संसद मार्ग पर आकाशवाणी भवन के पास बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया और लगातार विपक्ष के आवाज को दबाया जा रहा है। लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज करा रहे सांसदों को आठ घंटे धरने पर बैठना पड़ा, फिर राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत 50 सांसदों को हिरासत में लेकर किंग्सवे कैंप ले जाया गया। उन्होंने कहा कि यह सरकार के दमनात्मक रवैये का सबसे बड़ा उदाहरण है। रामकृष्ण ध्रुव ने सवाल उठाया कि आरोप चुनाव आयोग पर लग रहे हैं, वोट चोरी की जांच की मांग हो रही है, इसके लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग विपक्ष कर रहा है तो इसकी निष्पक्ष जांच कराने के बजाय भाजपा आरोपियों के बचाव में क्यों उतर आई है। चुनाव आयोग पर लगे गंभीर आरोपों की जांच से सरकार क्यों भाग रही है। सरकार जांच कराए और सच्चाई देश के सामने लाए। विपक्ष के सांसदों को हिरासत में लेकर भाजपा लोकतंत्र की आवाज को कुचलना चाहती है।



रेड रिबन क्लब ने एचआईवी-एड्स एवं नशा-मुक्ति पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में 10 अक्टूबर को रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को एचआईवी/एड्स, नशा-मुक्ति, सुरक्षित व्यवहार एवं युवा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमित धनकर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक श्रीमती नम्रता वर्मा उपस्थित रहीं। विशेषज्ञों ने एचआईवी-एड्स के फैलने के कारणों, बचाव के उपायों और इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने पर प्रकाश डाला। युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के प्रति सचेत करते हुए नशे से दूर रहने का आह्वान किया गया। पीपीटी और वीडियो क्लिप्स के माध्यम से विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। साथ ही, खुले चर्चा सत्र में विद्यार्थियों की शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर डॉ. अंजलि देवांगन ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और आमंत्रित विषय विशेषज्ञों, शिक्षकों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

- स्वस्थ युवा, सशक्त समाज : फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय में उन्मुखीकरण कार्यशाला





युवा समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक: डॉ. बंजारे- महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे ने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की सबसे बड़ी ताकत हैं। रेड रिबन क्लब और एनएसएस के स्वयंसेवकों को एचआईवी-एड्स और नशा-मुक्ति का यह संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुँचाना चाहिए, ताकि एक स्वस्थ, भ्रांति-मुक्त और सशक्त समाज का निर्माण हो सके।

फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की पहल

स्वयंसेवकों ने चलाया यातायात जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व रेड रिबन क्लब ने सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। उक्त अभियान मौली माता मंदिर रायपुर रोड पर लगातार दो घंटे यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस अभियान में संयोजक डॉ.आर के रजक , श्यामा साडिल,साक्षी ठाकुर, डाली साहू, भूमिका दास चित्रलेखा साहू ,वासुदेव, नवदीप,नागेश , राहुल,राम सोनकर, वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने वाहनों को रोक-रोककर बच्चे, बूढ़े, युवाओं को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया की वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें, वाहन के सभी दस्तावेज सदैव साथ रखना चाहिए साथ ही यातायात



निर्देश चिन्हों का पालन करने की सलाह भी दी । इस जागरूकता अभियान में डॉ. आर के रजक ने कहा कि नियमों को नजर अंदाज करने पर अर्थदंड चुकाना पड़ता है, सड़क पर लगे संकेत चिन्हों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। महानगरों में सड़क पार करते समय सिग्नल को बराबर देखें, यात्रा के समय कभी भी ओवरटेक ना करें, सदैव एकल मार्ग का प्रयोग करें। मानव जीवन अमूल्य है, जान है तो जहान है। थोड़ी सी लापरवाही किसी बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे सकती है। वाहन नियंत्रित गति में चलाएं,नशे की हालत में गाड़ी ना चलाएं, गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें, इससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

इनकी रही अहम भूमिका- इस जागरूकता अभियान में हेमपुष्पा साहू, सानिया, प्राची,योगिता,कुमकुम, ईशा, कुलेश्वर देवांगन, राहुल शर्मा, पुर्वी सावित्री साहू, सहित 52, स्वयंसेवकों की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने नवरात्रि पर गरबा नृत्य के माध्यम से मां दुर्गा की आराधना की। उक्त यातायात जागरूकता अभियान का नेतृत्व जिला संगठक रायपुर ग्रामीण डॉ. आर.के.रजक ने किया।

